RNI.No. — GUJHIN/2012/45192



# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अनक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानंद जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:223 ता. 23 फरवरी 2024, शुक्रवार, कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## पहला कॉलम



### भारत अगले 10 वर्षों में छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ेगा : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्वास जताया कि भारत अगले 10 वर्षों में लगातार छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू तथा वैश्विक बाजारों का लाभ उठाने के लिए वैश्विक कंपनियों को देश में आमंत्रित किया जा रहा है। रेल, संचार एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया और नए विचारों के लिए खुला है। उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी दर से लगातार बढ़ रही है। अगले 10 वर्षों में भारत लगातार छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ता रहेगाज मैं बेहद विश्वास के साथ यह कह सकता हूं। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार द्वारा लाई गई विभिन्न विकास पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके लिए आधारशिलाएं पहले से ही मौजूद हैं और अब परिणाम दिखाई दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल भारत के 2047 तक एक विकसित देश बनने की नींव रखेगा।

### चालक को हार्ट अटैक आया बेकाबू बोलेरो शोभायात्रा में घुसी, दो की मौत

**जयपुर ।** राजस्थान के नागौर स्थित डेगाना में विश्वकर्मा जयंती के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल एक बेकाबू बोलेरो शोभायात्रा में घुस गई जिससे करीब 1 दर्जन लोगों को कुचल दिया जिसमें से 2 की मौत हुई है और बाकी घायलों को अजमेर रेफर किया गया है। बताया जा रहा हैं कि बाजार में शोभा यात्रा निकल रही थी तब इस दौरान काफी भीड़ थी जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थे। दरअसल बोलेरो चालक को हार्ट अटैक आ गया जिसके बाद उसका गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रहा है और बोलेरो लोगों को कुचलती हुई आगे निकल गई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि कैसे बोलेरो भीड़ में घुसती है और लोगों को कुचलती हुई आगे निकल जाती है। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि बोलेरो चालक पहले शोभायात्रा के पीछे धीरे-धीरे चल रहा था, लेकिन अचानक से बोलेरो गाड़ी की स्पीड बढ़ जाती है और लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ जाती है। इसके बाद यहां अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। दरअसल बोलेरो चालक को हार्ट टैक आ गया था जिसके बाद ड्राइवर बेहोश हो गया और गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा।

### अमरेली में सड़क पर घूमता दिखा बब्बर शेर

**अमरेली ।** गुजरात के अमरेली जिले में स्थित सावरकुंडला में बब्बर शेर सड़कों पर घूमता दिखाई दिया। बब्बर शेर को सड़कों पर घूमता देख पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क पर घूम रहे शेर को कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, यह मामला सावरकुंडला के नेसडी रोड का है। यहां सड़कों पर बब्बर शेर घूमता दिखाई दिया। लोगों का कहना है कि शेर शिकार की तलाश में सावरकुंडला शहर के पास तक आ गया था। शेर को नेस्टी रोड गौशाला के पास देखा गया। गौशाला के पास लोगों ने शेर को घूमते हुए मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसके पहले भी अमरेली जिले में इसी तरह की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। यहां धारी गिर इलाके में करीब 10 शेर बीच सड़क पर आ गए थे, जिसका वीडियो सामने आया था। इस दौरान दोनों तरफ से ट्रैफिक जाम हो गया था। सड़क पर शेर अपनी मस्ती में थे, उसी बीच वहां से एक ऑटो रिक्शा निकला, जब शेर अपनी जगह से हिले थे। इसके बाद उन्हें किसी तरह जंगल की ओर भगाया गया था।

### दलितों की बस्तियों में राम का उल्लेख कम, योजनाओं का जिक्र ज्यादा करेगी भाजपा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोकसभा चुनाव की प्रचार नीति में बदलाव किया है सारे देश के भाजपा नेताओं को संदेश भेजा गया है, कि लोकसभा चुनाव के लिए वह जब दलित और गरीबों की बस्तियों में जाएं। वहां पर केंद्र की योजनाओं पर ज्यादा से ज्यादा फोकस करें। उन्हीं के बारे में दलित और गरीबों के साथ चर्चा करें।राम और राम मंदिर का उल्लेख कम करें। 25 फरवरी से 100 दिन का जनसंपर्क अभियान शुरू होने जा रहा है।इस अभियान में केंद्रीय योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की बात कही गई है। केंद्रीय योजनाओं के कारण ही गरीब और दलित लाभार्थी हैं। अतः सारा ध्यान इन्ही पर दिया जाना चाहिए। भाजपा ने प्रचार अभियान के लिए जो रूपरेखा तैयार की है। उसे कई भागों में बांटा गया है। उत्तर प्रदेश बिहार मध्य प्रदेश राजस्थान पश्चिम बंगाल पंजाब हरियाणा तेलंगना कर्नाटक तमिलनाडु और महाराष्ट्र मैं दलित समुदाय के बीच अलग-अलग तरीके से प्रचार किया जाएगा। जिनको केंद्रीय योजनाओं का लाभ मिला है। उसकी सूची भी भाजपा कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। सूची के आधार पर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचेंगे, और उन्हें क्या-क्या लाभ मिला है।इसकी जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है, उत्तर प्रदेश में 20 फ़ीसदी दलित हैं।पश्चिम बंगाल में 10 फ़ीसदी दलित हैं।बिहार एवं तमिलनाडु राज्य में भी 8 से 10 फ़ीसदी दलित हैं।

# दुनिया भर के लोकप्रिय नेताओं की सूची में मोदी फिर सबसे ऊपर

## रेटिंग एजेंसी ने वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता को आंकड़ों में किया तब्दील

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

एक रेटिंग एजेंसी के आंकड़ों में पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर से विश्व के सभी शीर्ष नेताओं की फेहे रिस्त में सबसे ऊपर हैं। इस तरह से पीएम मोदी लोकप्रियता के मामले में पहले पायदान पर आ गए हैं। पश्चिमी देशों के नेता भी इस बात को मान रहे हैं कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का कोई जोड़ नहीं है। वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सबल और सफल नेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जारी इस आंकड़े ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता में आज भी कोई कमी नहीं आई है। बता दें कि मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस सर्वे ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची जारी की है। इसमें विश्व के सभी लोकप्रिय नेताओं के बारे में आंकड़ों सहित जानकारी दी गई है। इस सूची में पीएम नरेंद्र मोदी शीर्ष पर काबिज हैं। हालांकि, यह पहली दफा नहीं है कि जब पीएम मोदी ने शीर्ष पर अपनी जगह बनाई है, इससे पहले भी पीएम मोदी लोकप्रियता के मामले में दुनिया के नेताओं के बीच शिखर पर रहे चुके हैं।

इस रेटिंग एजेंसी ने वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता को आंकड़ों में तब्दील करके लोगों के बीच पेश किया है। जिसमें पीएम मोदी को 77 प्रतिशत लोकप्रियता के साथ शीर्ष पर दिखाया गया है। वहीं, मैक्सिको के प्रधानमंत्री एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रादोर की लोकप्रियता 64 फीसद नजर आ रही है। स्विट्जरलैंड के संघीय गृह मामलों के विभाग के प्रमुख एलेन बर्सेट को 57 फीसद, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के हिस्से में 50 फीसद लोकप्रियता आई है। जबकि ब्राजील के प्रधानमंत्री लुइज़ इंसियो लूला दा सिल्वा के हिस्से में 47 फीसद लोकप्रियता आई है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज इसके बाद सूची में 45 फीसद लोकप्रियता के साथ काबिज हैं। वहीं इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने वैश्विक मंच पर 44 फीसद की लोकप्रियता हासिल की है। इसके बाद स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज का नंबर है, जिनको 38 फीसद और यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडेन को सूची में 37 फीसद लोकप्रिय बताया गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को लेकर सूची में 35 फीसद लोकप्रियता का आंकड़ा दिख रहा है। जबकि स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन 33 फीसद, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 27 फीसद, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो 24 फीसद और साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल को लोकप्रियता के मामले में 20 फीसद शीर्ष हासिल हुआ है।




## राजनीतिः नोएडा के किसानों ने 23 फरवरी को 'दिल्ली कूच' का कार्यक्रम किया स्थगित

**नोएडा। (एजेंसी)**

भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा और जय जवान जय किसान मोर्चा ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को 'दिल्ली कूच' का ऐलान किया था, जिसे स्थगति कर दिया गया है। किसानों की मांग थी कि एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया जाए, जो उनकी समस्याओं का समाधान करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ही निर्देश दिए थे कि एक हाई लेवल कमेटी गठित कर दी जाए। इसके बाद गुरुवार को किसानों ने 23 फरवरी के 'दिल्ली कूच' को स्थगित करने का फैसला लिया। गौतमबुद्ध नगर की कमिश्नर, डीएम और प्राधिकार के तीनों सीईओ ने 13 फरवरी को कहा था कि एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर समस्याओं का समाधान होगा। जिसके बाद किसानों ने 18 फरवरी तक समय दिया था। लेकिन, तब तक कोई सामाधान नहीं हुआ था। इसके बाद पुलिस-प्रशासन के आग्रह पर किसानों ने तीन दिन का और समय दिया था। किसान संगठनों ने यह भी कहा था कि यदि इसके बाद समाधान नहीं होता तो संयुक्त मोर्चा 23 फरवरी को 'दिल्ली कूच' करेगा। किसान संगठनों ने बताया कि उन्हें पता चला है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर लिया है। इसे लेकर गुरुवार को एक बार फिर कमिश्नर मुख्यालय सूरजपुर में संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई। इस बैठक में पुलिस कमिश्नर, डीएम, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और एसीपी मौजूद थे। इस मीटिंग में शासन-प्रशासन के आग्रह और उच्च स्तरीय कमेटी बनने के बाद संयुक्त मोर्चा ने ऐलान किया कि शुक्रवार का 'दिल्ली कूच' स्थगित किया जाता है।

## वार्ता के जरिए ही किसानों की समस्या का समाधान होगा : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि वार्ता के जरिए ही किसानों की समस्या का समाधान होगा। उन्होंनें कहा कि केंद्र सरकार किसानों से बात करने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि वार्ता के जरिए ही किसानों की समस्या का समाधान होना है। किसान देश के अन्नदाता हैं। उन्होंने कहा कि हम किसानों से बात करने के लिए पहले भी तैयार थे। अब भी तैयार हैं और भविष्य में भी तैयार रहेंगे। किसानों से वार्ता करने में हमें कोई दिक्कत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि उर्वरकों की कीमत में तेजी के बावजूद हमने अपने देश के किसानों को संतुलित कीमत पर उर्वरक उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया। हमने ऐसी व्यवस्था विकसित की है कि किसान भाइयों को ऊंची कीमतों पर उर्वरक न खरीदना पड़े। सरकार की ओर से किसानों को इस दिशा में 3 लाख रुपए सब्सिडी भी दी गई।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को सहूलियतें प्रदान करने के लिए तीन सालों तक लगातार काम किया और उन्हें नैनो यूरिया भी उपलब्ध कराया। जबकि यूपीए सरकार के 10 सालों के शासनकाल में 5.50 लाख रुपए एमएसपी पर खर्च किए गए, वहीं मोदी सरकार ने किसानों को 18 लाख 39 हजार रुपए आवंटित किए हैं जो बड़ी राशि है।



## अर्जुन मुंडा ने दिलाया बातचीत से समस्या का समाधान निकालने का भरोसा

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

किसान आंदोलन को देखते हुए संरकार गंभीर है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों से बातचीत के जरिए समस्या का हल ढूंढने भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार किसानों से बातचीत कर रही है और कई दौर की बातचीत में कुछ मांगों पर सहमति भी बनती दिखाई दे रही है। इस दौरान सरकार की तरफ से केंद्रीय कृषि मंत्री किसानों से अपील भी करते दिखाई दे रहे हैं कि सभी मुद्दों का हल बातचीत से ही निकलेगा। गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों से कहा कि पंजाब में किसान संगठनों के साथ कई दौर की सार्थक बातचीत हुई है। हम वार्ता से समाधान निकालेंगे। सरकार किसानों के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम फिर से बात कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह देश हम सब का है और हर समस्या का हल निकाला जा सकता है। किसानों के दो दिन तक दिल्ली कूच को स्थगित करने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी कई दौर की वार्ता हुई है और सार्थक भी रही है। कई मुद्दे और कई मांगें ऐसी हैं, जिन पर और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के लिए प्रतिबद्ध है और हर साल 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए सीधे किसानों के खाते में पहुंचा रही हैं। यह किसानों के सम्मान और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए होता है।

कृषि मंत्री ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के शासनकाल में 333 मिलियन टन तक हमारा अनाज उत्पादन बढ़ा है। इसके साथ ही सब्जियों की खेती समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार विकास हुआ है और बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि खादी उद्योग भी किसानों से जुड़ा है। उसका भी टर्नओवर 1 लाख 35 हजार करोड रुपए हो गया है।

# ईडी ने सोमवार को पेश होने केजरीवाल को भेजा 7वां समन

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केजरीवाल को सोमवार हो` जिर होने कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उसके समक्ष पेश होने के लिए ईडी ने सातवां समन जारी किया है। इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को 26 फरवरी को वित्तीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, सोमवार को केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी के छठे समन पर भी उपस्थित नहीं हुए। आप सूत्रों के मुताबिक समन असंवैधानिक था और फिलहाल ईडी के सामने पेश होने की वैधता अदालत में जांच के दायरे में है। दिलचस्प बात यह है कि ईडी ने इस मामले को खुद अदालत में लाने की पहल की है। लगातार समन जारी करने की बजाय उसे अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए जिससे उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू हो सके। बता दें कि इससे पहले, ईडी ने 31 जनवरी को केजरीवाल को समन जारी किया था और 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने को कहा था। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था।

बता दें कि केजरीवाल के पांचवें समन को नजरअंदाज करने के बाद ईडी कोर्ट गई। हालों कि वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते थे और बचकाना बहाने बना रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम लोगों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा। दरअसल दिल्ली की नई आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और उसके क्रियान्वयन में घोटाले के आरोपों के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 20 जुलाई, 2022 को मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। आरोप है कि आबकारी नीति के निर्माण के चरण के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और अन्य अज्ञात और अनाम निजी व्यक्तियों/संस्थाओं सहित आप नेताओं द्वारा एक आपराधिक साजिश रची गई थी और साउथ लॉबी के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया।

# पश्चिमी देशों के लिए संकटमोचक बना भारत, डूबती अर्थव्यवस्था को बचाया

## रुस के तेल को शोधन कर इन देशों को बेचा

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

यूरोप के एक शोध संस्थान ने दावा किया है कि भारत ने पिछले 13 महीनों में जी-सात के नेतृत्व वाले गठबंधन देशों को जो पेट्रोलियम निर्यात किया है उसमें एक-तिहाई हिस्सा रूस से आयातित कच्चे तेल के शोधन का रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन देशों ने रूस से कच्चे तेल के आयात पर कई तरह की बंदिशें लगा दी थीं। दिसंबर, 2022 में इन देशों ने रूसी कच्चे तेल के आयात का कीमत दायरा भी तय कर दिया था। लेकिन रूस से अन्य देशों में आयात कच्चे तेल को शोधित कर पश्चिमी देशों को निर्यात करने पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई थी। भारत ने बीते दो वर्षों में रूस से बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात किया है। किफायती दरों पर रूसी कच्चा तेल मिलने से भारत को अपना आयात बिल भी कम करने में मदद मिली है। एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत रूस से आयातित कच्चे तेल को शोधित कर जी-सात के देशों और यूरोपीय संघ एवं ऑस्ट्रेलिया को निर्यात कर रहा है।

रिपोर्ट में कहा, तेल मूल्य की सीमा लगने के बाद के 13 माह में रूसी कच्चे तेल से शोधित पेट्रोलियम उत्पादों के भारतीय निर्यात में इन देशों का हिस्सा एक-तिहाई रहा है। इन देशों को भारत ने 6.65 अरब डॉलर का निर्यात रूसी तेल की मदद से किया है। दावा है कि इस निर्यात में एक बड़ा हिस्सा जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी का रहा है। भारत ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को ये उत्पाद भेजने के लिए 3.04 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल रूस से आयात किया था। यूरोप द्वारा रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाने के बाद अगर भारत की ओर से उन्हें पेट्रोलियम प्रोडक्ट न पहुंचाया गया होता तब जाहिर तौर पर वहां बड़े स्तर पर ऊर्जा संकट देखने को मिलता। इसके बाद भारत ने पेट्रोलियम प्रोडक्ट यूरोप को देकर वहां घरों में चिराग जलाने का काम किया।

# चीन के हैकर ग्रुप ने की पीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एयर इंडिया के डाटा में सेंधमारी

## मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा

**नई दिल्ली।** चीन के एक हैकर ग्रुप ने पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एयर इंडिया जैसे बिजनेस सहित भारत सरकार के प्रमुख कार्यालयों में सेंधमारी का दावा किया है।

चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय (एमपीएस) के एक कथित साइबर सिक्योरिटी कॉन्ट्रैक्टर आईसून से जुड़े हजारों दस्तावेज, इमेज और चैट संदेश वीकएंड में एक सोशल मीडिया साइट पर अनाम रूप से पोस्ट किए गए थे। कॉन्ट्रैक्टर के दो कर्मियों ने बताया कि आईसून और चीनी पुलिस ने फाइलें लीक कैसे हुए, इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों में से एक ने कहा कि आईसून ने लीक के बारे में 21 फरवरी को एक बैठक की थी और बताया गया था कि इससे बिजनेस पर बहुत अधिक असर नहीं पड़ेगा और अपना काम नॉर्मल वे में ही जारी रखें।

इसके मुताबिक, साइबर अटैकर्स का निशाने पर नाटो, यूरोपीय सरकार, निजी संस्थानों से लेकर पाकिस्तान जैसे बीजिंग के सहयोगियों तक थे। हालाँकि लीक में साइबर जासूसी ऑपरेशन के टार्गेट मेंशन हैं, लेकिन लीक में चोरी किए गए डेटा के सैंपल नहीं मिले। यह सभी मामलों में व्यक्तिगत लक्ष्यों पर हमले की सीमा और हमलों की अवधि को भी नहीं बताता है।

लीक हुए डेटा में वित्त मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति के आंतरिक मंत्रालय जैसे भारतीय टार्गेट का उल्लेख है। इससे इसका इशारा संभवतः गृह मंत्रालय की ओर है। भारत में, मुख्य टार्गेट विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित विभाग हैं। हम इस क्षेत्र को गहराई से ट्रैक करना जारी रखे हैं और लंबी अवधि में इसके मूल्य का दोहन कर सकते हैं, आईसून द्वारा तैयार की गई एक आंतरिक रिपोर्ट के अनुवादित भारत अनुभाग में लिखा है। राज्य द्वारा संचालित पेंशन फंड मैनेजर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), राज्य दूरसंचार ऑपरेटर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), और निजी स्वास्थ्य सेवा श्रृंखला अपोलो हॉस्पिटल्स के यूजर्स डेटा में भी कथित तौर पर सेंध लगाई गई थी। एयर इंडिया का चोरी हुआ डेटा यात्रियों द्वारा डेली चेक-इन के विवरण से संबंधित है।

**इमिग्रेशन डिटेल्स भी हुई लीक**

खास तौर पर तब से जब 2020 में गलवान घाटी झड़प के बाद भारत-चीन संबंधों में तनाव देखा गया था।

ताइवान के शोधकर्ता अजाका, जो सबसे पहले गेटीहाब लीक मामले को सामने लेकर आए हैं, उन्होंने भारत को बताया कि, भारत हमेशा से चीनी एपीटी पक्ष का एक बड़ा केंद्र बिंदु रहा है। चुराए गए डेटा में स्वाभाविक रूप से भारत के कुछ संगठन शामिल हैं, जिसमें अपोलो हॉस्पिटल, 2020 में देश के अंदर और बाहर आने वाले लोग, प्रधान मंत्री कार्यालय और जनसंख्या रिकॉर्ड शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवसारी जिले के जलालपोर तालुका के वांसीबोरसी में 44,216 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं






**सूरत।** राज्य के दक्षिणी क्षेत्र के विभिन्न जिलों में जनसुविधा और खुशहाली बढ़ाने के लिए नवसारी जिले के जलालपोर तालुका के वानसीबोरसी से 44,216 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि जो किसान और महिलाएं हैं। गरीब, युवा, अन्नदाता विकसित भारत के स्तंभ हैं, इसलिए इन्हें सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है। अब देश के गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और विकास का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है।

प्रधानमंत्री ने 22,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना की इकाई-3 और 4 का उद्घाटन किया, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रु. 10,000 करोड़ रुपये के कार्य, सड़क और भवन विभाग के 2000 करोड़ रुपये के विकास कार्य, भारतीय रेलवे रुपये। 1,100 करोड़ के काम, सूरत नगर निगम, सूडा और ड्रीम सिटी रु. 5,000 करोड़ के कार्य, ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग के 500 करोड़ के कार्य, रु. 300 करोड़, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग रु. 100 करोड़, जलदाय विभाग रु. 500 करोड़, आदिवासी विकास विभाग रू. 100 करोड़, श्रम, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग रू. 75 करोड़, गृह विभाग रु. 200 करोड़, नगर विकास एवं शहरी आवास विभाग रू. 900 करोड़, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय रु. 400 करोड़ से ज्यादा के काम मिले और कुल 44,216 रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री ने नवसारी के जलालपोर तालुक के वानसी बोरसी में पीएम मित्र (मेगा टेक्सटाइल पार्क) के निर्माण का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने और अमर संकल्प को साकार करते हुए 44,216 रुपये के विकास कार्यों की सौगात देते हुए विशाल जनसमूह को संबोधित किया और कहा कि हमारी सरकार ने जरूरतमंद लाभार्थियों को 4 करोड़ से ज्यादा पक्के मकान दिये हैं. पिछले दस साल. इसने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। सरकार के विभिन्न कार्यों, कार्यक्रमों, योजनाओं, नीतियों और संचालन ने दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और साख को बढ़ाया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत को देखने और मूल्यांकन करने की दुनिया की धारणा में आमूल-चूल परिवर्तन आया है।

प्रधान मंत्री ने आश्वासन दिया कि 'मोदी की गारंटी गारंटी की पूर्ति की गारंटी हैं' और कहा कि 'मोदी की गारंटी' योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीबों, वंचितों और हकदार लाभार्थियों तक पहुंचने की भी गारंटी है।

``विकसित भारत@2047" के दृष्टिकोण को साकार करने में गुजरात के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के तहत गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण एक सपने के सच होने जैसा था। लेकिन आज, उमरगाम से लेकर अम्बाजी तक के आदिवासी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला देखी गई है, जिसमें मेडिकल कॉलेजों की उपलब्धता और आदिवासियों के बीच ऊपर की ओर बदलाव भी शामिल है।

उन्होंने गुजरात में अपने मुख्यमंत्रित्व काल से पहले के बिजली संकट को याद करते हुए कहा कि उस समय गुजरात में घंटों बिजली गुल रहती थी. अँधेरे के कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन असंभव को संभव बनाने के लक्ष्य के साथ लगातार की गई कड़ी मेहनत और सकारात्मक नीतियों ने गुजरात को पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचा दिया है और परिणामस्वरुप राज्य में बिजली संकट की समस्या खड़ी हो गई है। अतीत।

प्रधानमंत्री ने भावना व्यक्त की कि गुजरात का विकास विकसित भारत के विकास में योगदान देता रहेगा। नवसारी का दांडी स्मारक, नर्मदा में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसी परियोजनाएं गुजरात के पोते महात्मा गांधी और सरदार पटेल साहब के देश के प्रति योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। । चुकता किया हुआ था।

उन्होंने कहा कि तापी जिले के काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आज उद्घाटन किए गए 700-700 मेगावाट के दो नए 'मेड इन इंडिया' रिएक्टर भारत की आत्मनिर्भरता और स्वदेशी प्रौद्योगिकी की शक्ति-क्षमता का परिणाम हैं।

## सूरत के सुवाली समुद्र तट पर दो दिवसीय 'बीच फेस्टिवल-2024' के आयोजन के लिए गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष सांघवी की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई

**सूरत।**

तटीय पर्यटन स्थलों, विभिन्न समुद्र तटों को उजागर करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात पर्यटन निगम और सूरत जिला प्रशासन द्वारा 24 से 25 फरवरी तक सूरत के पास सुवाली के समुद्र तट पर दो दिवसीय समुद्र तट उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सूरत सर्किट हाउस में वन, पर्यावरण राज्य मंत्री मुकेशभाई पटेल की उपस्थिति और गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सुवाली बीच फेस्टिवल-2024 का आयोजन किया गया है. सुवाली समुद्र तट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, तटीय पर्यटन को बढ़ावा देने और बड़ी संख्या में पर्यटकों/आगंतुकों को समुद्र तट का आनंद लेने के लिए, बिक्री स्टॉल धारकों और स्थानीय लोगों को दैनिक रोटी प्रदान करने के लिए, राज्य सरकार और जिला/तालुका प्रशासन ने एक समुद्र तट उत्सव का आयोजन किया है।

24 की शाम को बीच फेस्टिवल में मशहूर लोक गायक कीर्तिदान गढ़वी अपनी आवाज से लोगों का मनोरंजन करेंगे. शाम 4.30 बजे मंत्रीगण बीच फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे. ऊंट और घुड़सवारी, शिल्प स्टॉल, फूड कोर्ट, फोटो कॉर्नर, स्वदेशी और पारंपरिक खेलों जैसे विशेष आकर्षणों के साथ, पर्यटक समुद्र के किनारे की सुखद सेटिंग में टहलते हुए भोजन और पेय का आनंद ले सकते हैं।

गृह मंत्री ने आगे कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि चोर्यासी के विधायक संदीप भाई देसाई ने परिवहन मंत्री को चोरयासी के नागरिकों को समुद्र तट उत्सव में जाने के साथ-साथ सैर के लिए परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए सूचित किया था। सुवाली बीच, सुवाली आज 23 फरवरी को शाम 04ः00 बजे सुवाली बीच पर बीच से अडाजण बस डिपो तक दैनिक बस रूट को विधायक संदीप भाई देसाई हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही, सूरत नगर निगम की ओर से बीच फेस्टिवल में जाने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों से बसों की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

## इफको वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर ( डबल्यू सी एम ) 2023 की रिपोर्ट में फिर से शीर्ष स्थान पर

**सूरत।**

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) कोपुन: दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (ICA) की12वीं वार्षिकवर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर (WCM) रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकासमेंइफको के कारोबारीयोगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष केअपने 97वें स्थान के मुकाबले72वें स्थान पर पहुंच गया है।अपनी 35,500 सदस्य सहकारी समितियों, 25,000 पैक्स और 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के साथ इफको'आत्मनिर्भर भारत'और 'आत्मनिर्भर कृषि'की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है।

इफको ने पिछले कई वर्षों से अपनाशीर्ष स्थान बरकरार रखा है जो इफको और इसके प्रबंधन के सहकारी सिद्धांतों में अटूट भरोसे का प्रमाण है।इसे देश में मजबूत सहकारी आंदोलन के प्रतीक के रूप में भी देखा जा सकता है, जिसे केंद्र द्वारा सहकारिता मंत्रालय के गठन और श्री अमित शाह जी, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री,भारत सरकार के कुशल नेतृत्व से गति मिली है। मंत्रालय द्वारा की गई पहल सेअनुकूल माहौल बना है और भारत में सहकारिता आंदोलन को फलने-फूलने में मदद मिली है।

माननीय प्रधानमंत्री के ध्येय "सहकार से समृद्धि" से प्रेरणा लेते हुए और विभिन्न फसलों पर वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुसंधान और प्रयोग की बदौलतइफको ने किसानों के लिए दुनिया का पहला नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया।

इफको नैनो उर्वरकों के साथ-साथ जैव-उर्वरक, सागरिका जैसे जैव-उत्तेजक और कृषि-रसायन आदि के छिड़काव के लिए सहायक उपकरण और स्पेयर के साथ 2,500 कृषि ड्रोन खरीद रहा है। इफको 5000 से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण देगा और 2500 कृषि ड्रोन का वितरण करेगा। साथ ही, इफको ग्रामीण स्तर पर योग्य उद्यमियों की पहचान करने में लगा है जिन्हें"प्रमाणिक चालक" के रूप में ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। ये ड्रोन इन ग्रामीण उद्यमियों के प्रशिक्षण के स्थान और कार्यक्रम के अनुसार उपलब्ध कराये जाएंगे।

बीते वर्षों से लगातार शीर्ष स्थान बरकरार रखने की बात पर टिप्पणी करते हुए हैंइफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि "यह इफको और भारतीय सहकारिता आंदोलन के लिए गौरव का क्षण है। इफको में, हम किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश भर




के किसानों का विकास सुनिश्चित हो सके और सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जा सके। हम नवाचार में विश्वास करते हैं क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। इस क्रम में हम कृषि क्षेत्र के विकास हेतु नैनो तकनीक आधारित'इफको नैनो यूरिया तरल' से शुरू करते हुए अन्य वैकल्पिक उर्वरक ला रहे हैं। भारतीय किसानों द्वारा 'इफको नैनो यूरिया तरल' का जोरदार स्वागत किया गया है।

## पवित्र मंत्रों के साथ भगवान की गरिमा और महिमा की गूंज के साथ हजारों भक्त उमड़ पड़े





**सूरत।**

वेसू स्थित संयमतीर्थ श्री महाविदेहधाम में जैनाचार्य पू. कुलचंद्रसूरिजी महाराज श्री के सोह्मण सान्निध्य में 900 से अधिक आचार्य भगवंतों, पन्यासजी भगवंतों, श्रमणों एवं श्रमणी शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय एवं दीक्षादानेश्वरी आ. गुणरत्नसूरिजी म. काष्ठमय मंदिरों की पवित्र प्रतिष्ठा हजारों भावुक भक्तों की उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। "ओम पुण्य: पुण्य:, प्रियन्तं प्रियन्तं" के पवित्र मंत्रों के साथ भगवान की गरिमा और महिमा की गूंज के साथ हजारों भक्त उमड़ पड़े। प्रतिष्ठा के बाद धर्म सभा का आयोजन किया गया। 6000 से ज्यादा की क्षमता वाला पूरा मंडप खचाखच भरा हुआ था।

मुंबई के प्रसिद्ध वक्ता (एंकर) श्री संजयभाई वखारिया ने सोमवा मंडवा में बिराजित सोमवा श्रावकों और श्राविकाओं की रोंगटे खड़े कर देने वाली गुरुगुण संवेदनाओं के माध्यम से हजारों भक्तों की आंखों से श्रवण-भाद्रव के आंसुओं की वर्षा की। सभी आयोजनों में अनेक समुदायों के आचार्य भागवत एवं श्रमण-श्रमणी भगवंत सम्मिलित हुए। इस शुभ अवसर पर श्री महाविदेह धाम तपागच्छ श्वे. ईसा पूर्व जैन संघ की स्थापना हुई। पू. गच्छाधिपति श्री राजेंद्रसूरिजी महाराज की आज्ञा और आशीर्वाद पू. आ. श्री वेराग्यवारिधि कुलचंद्रसूरिजी महाराज साहेब "सिद्धांत विशारद" और जैन संघों के सुन्दर कार्य के बदले सुश्रावक डॉ. श्री संजयभाई शाह को वैराग्यवारिधि पू. आ. श्री कुलचंद्रसूरिजी महाराज साहब को 'शासनरत्न' की उपाधि से सम्मानित किए जाने पर हजारों श्रद्धालु उत्साह से नाच उठे।

ट्रस्टियों ने इस ग्यारह दिवसीय ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सूत्रधारों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेस्टीज का अद्भुत वातावरण देखकर पूरे भारत में अत्यंत हर्ष का माहौल था। इस साल का पहला चातुर्मास पन्यासप्रवर गौतमरत्न- विजयाजी म. पन्यास श्री पद्मदर्शन महाराज साहब ने कहा कि आदि श्रमण भगवंत का गुणगान किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का भव्य स्वागत करते मंगरोल तालुका के अकडोद गांव के ग्रामीण

**सूरत ।** केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने के इरादे से सूरत के मंगरोल तालुक के अकडोद गांव में भारत संकल्प यात्रा का रथ विकसित हुआ. जहां ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा के रथ का भव्य स्वागत किया और विकसित भारत का सामूहिक संकल्प लिया।



इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे पोषण अभियान, पीएम किसान वय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, विश्वकर्मा योजना, आयुष्यमान कार्ड, अटल पेंशन योजना, प्राकृतिक खेती की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। केन्द्र एवं राज्य सरकार इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन के अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वितरित किया गया।

इस अवसर पर सरपंच श्री जशुबेन, उपसर पंचश्री इब्राहिम काजी, जल आपूर्ति श्री चैतन्यभाई, तलातिश्री मयंकभाई, प्रधान शिक्षक, ग्राम सदस्य और नेता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मचारी और अन्य विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, लाभार्थी उपर्-स्थत थे।

## 34% महिलाएं कार्य-जीवन संतुलन के कारण कंपनी छोड़ देती हैं, केवल 4% पुरुष - उदैती फाउंडेशन और सीईडीए का अध्ययन, लैंगिक असमानता को उजागर करता है

**सूरत ।**

उदैती फाउंडेशन (टीयूएफ) ने सेंटर फॉर इकोनॉमिक डेटा एंड एनालिसिस (सीईडीए) के सहयोग से "वीमेन इन इंडिया इंक (डब्ल्यूआईएन) एचआर मैनेजर्स सर्वे रिपोर्ट" का अनावरण किया, जो बयानबाजी के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है। और बयानबाजी। कॉर्पोरेट भारत में लिंग विविधता पहल पर कार्रवाई यह अध्ययन इंडिया इंक. शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था, जिसे गोदरेज डीईआई लैब्स, सेंटर फॉर इकोनॉमिक डेटा एंड एनालिसिस, अशोक यूनिवर्सिटी और दशहरा के साथ साझेदारी में उदैती फाउंडेशन द्वारा क्यूरेट किया गया था।

द उदैती फाउंडेशन की सीईओ पूजा शर्मा गोयल ने कहा, "उदैती में, हम डेटा-समर्थित साक्ष्य और इंडिया इंक के साथ उद्देश्यपूर्ण सहयोग के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक शक्ति और एजेंसी के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वीमेन इन इंडिया इंक समिट एक महत्वपूर्ण मंच है। इसका उद्देश्य उद्योग के नेताओं को बातचीत के लिए एक साथ लाना है जो लैंगिक समावेशी कार्यस्थलों की दिशा में सुई को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। वीमेन इन इंडिया इंक प्रोजेक्ट महिलाओं की भर्ती, प्रतिधारण और उन्नति में बदलाव लाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं और नीति को आकार देने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करता है। वीमेन इन इंडिया इंक अध्ययन ने रोजगार स्पेक्ट्रम में लिंग विविधता नीतियों और प्रथाओं के परिदृश्य को व्यापक रूप से समझने के लिए एफएमसीजी, फार्मा, रिटेल, आईटी और बीएफएसआई सहित क्षेत्रों में 200 वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधकों का ऑनलाइन सर्वेक्षण किया।


अध्ययन में यह भी बताया गया है कि सराहनीय प्रयासों के बावजूद, जैसे 48% संगठन मिश्रित-लिंग साक्षात्कार पैनल का उपयोग कर रहे हैं और 52% लिंग-तटस्थ नौकरी विवरण का उपयोग कर रहे हैं, लिंग विविधता (30%) के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधकों को काम पर रखने के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता नहीं दी गई है।

## नया वन यूआई 6.1 अपडेट गैलेक्सी एआई को अधिक गैलेक्सी उपकरणों में लाता है

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज नए वन यूआई 6.1 अपडेट के माध्यम से अधिक गैलेक्सी उपकरणों पर गैलेक्सी एआई सुविधाओं की उपलब्धता की घोषणा की, जिसे अधिक उपभोक्ताओं तक मोबाइल एआई लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अपडेट गैलेक्सी S23 सीरीज़, S23 FE, Z फोल्ड5, Z Flip5 और Tab S9 सीरीज़ में उपलब्ध होगा और मार्च के अंत से उपलब्ध होगा। हाल ही में लॉन्च की गई गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के अनुरूप, यह अपडेट ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित एआई को जोड़ता है, जो हाइब्रिड दृष्टिकोण के माध्यम से उपभोक्ता मोबाइल एआई अनुभव के मानक को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल ईएक्सपीरियंस बिजनेस के अध्यक्ष और प्रमुख डीएम रोह ने कहा, "गैलेक्सी एआई के साथ हमारा लक्ष्य मोबाइल एआई के नए युग का नेतृत्व करना है, साथ ही उपभोक्ताओं को एआई को और अधिक सुलभ बनाने के लिए सशक्त बनाना है।" "यह गैलेक्सी एआई की शुरुआत है, क्योंकि हम 2024 में 100 मिलियन से अधिक गैलेक्सी उपभोक्ताओं को यह अनुभव देने की योजना बना रहे हैं और मोबाइल एआई की असीमित संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए नए तरीके अपनाते रहेंगे।"

अधिक गैलेक्सी उपभोक्ता अब गैलेक्सी एआई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं जो एआई-समर्थित मॉडल पर संचार में सुधार करते हैं। सुविधाओं में संदेश टोन को समायोजित करने, चैट सहायता का उपयोग करके संदेशों को 13 विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करने की क्षमता शामिल है। गैलेक्सी उपयोगकर्ता लाइव ट्रांसलेट के साथ वास्तविक समय की बातचीत की शक्ति का अनुभव कर सकते हैं, जो फोन कॉल के लिए आवाज और पाठ अनुवाद प्रदान करता है। इंटरप्रेटर के साथ उपयोगकर्ता यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों के साथ सहज बातचीत में भी संलग्न हो सकते हैं, क्योंकि स्प्लिट-स्क्रीन सुविधा लाइव बातचीत के लिए टेक्स्ट अनुवाद उत्पन्न करती है।



गैलेक्सी पारिस्थितिकी तंत्र में गैलेक्सी एआई का व्यापक एकीकरण एआई-समर्थित मॉडल पर उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा के कार्यों को सहज बना सकता है, जिससे दक्षता के एक नए स्तर की प्रेरणा मिलती है। सर्कल टू सर्च विद गूगल के साथ खोज कार्यों में सुधार किया गया है, जो त्वरित सर्कल-मोशन जेस्चर के साथ सहज खोज परिणाम उत्पन्न करता है। नोट असिस्ट जैसी जीवन-वर्धक संगठन सुविधाएँ, उपयोगकर्ताओं को प्रारूप बनाने, सारांश तैयार करने और नोट्स का अनुवाद करने में मदद करती हैं, जबकि ब्राउजिंग असिस्ट नए लोगों के व्यापक सारांश तैयार करके गति बनाए रखने में मदद करता है। ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट आसानी से मीटिंग रिकॉर्डिंग को ट्रांसक्राइब कर सकता है और सारांश और अनुवाद भी आसानी से तैयार कर सकता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )